# अमौसी औद्योगिक क्षेत्र का जागेगा भाग्य, 59 करोड़ से होगा विकास

## मंडलीय उद्योग बंधु की बैठक में मुद्दा उठा तो तय हो गई आगे की रुपरेखा, कामों के टेंडर भी निकाले गए

माई सिटी रिपोर्टर

लखनऊ। अमौसी औद्योगिक क्षेत्र के भाग्य जगने का समय करीब आ रहा है। मंडलीय उद्योग बंधु की बृहस्पतिवार को हुई बैठक में यह मुद्दा उठा तो मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने उसी वक्त यूपीसीडा के एसीईओ शशांक त्रिपाठी से फोन पर बात की। इससे स्पष्ट हुआ कि टेंडर हो चुका है, कुछ स्वीकृतियां बाकी हैं। इसके बाद काम शुरू होगा। क्या-क्या काम होने हैं, इसका खाका भी खींचा जा चुका है।

यूपीसीडा को अटल इंडस्ट्रियल इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन के तहत 59 करोड़ रुपये से अमौसी औद्योगिक क्षेत्र का विकास कराना है। यहां की सड़कें, सीवर, स्ट्रीट लाइटें सुधारी जाएंगी। स्टोन वाले फुटपाथ बनाए जाएंगे। किनारों पर बेंच लगेंगी और दीवारों पर पेंटिंग कर क्षेत्र को सुंदर बनाया जाएगा।



मंडलीय उद्योग बंधु की बैठक में उद्यमियों से चर्चा करतीं मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब। स्रोत : विभाग

**आचार संहिता से पहले काम पूरा करने का निर्देश :** पूरी-सुनहरा रिंग रोड का काम आचार संहिता लगने से पहले पूरा करने के लिए कहा गया है। यहां 5.7 किमी सड़क बननी है।

**ड्रेनेज सिस्टम, बिजली लाइनों के नेटवर्क होंगे दुरुस्त :** अमौसी औद्योगिक क्षेत्र की एसोसिएशन समस्याओं को लेकर लगातार संघर्ष कर रही है। बीते दिनों इसे लेकर लगातार बैठकों में खानापूर्ति हो रही थी। इस मुद्दे को अमर उजाला ने प्रमुखता से उठाया। लगातार समस्याओं को सामने रखने के बाद चार अगस्त 2023 को यूपीसीडा के एसीईओ ने क्षेत्र का निरीक्षण किया था। इसके बाद से इसमें तेजी आई थी। विकास की कार्ययोजना में ड्रेनेज सिस्टम, बिजली लाइनों के नेटवर्क को दुरुस्त करना शामिल है।

- **बदलेगा प्रवेश द्वार, बूम बैरियर भी होगा :** कार्ययोजना के मुताबिक, औद्योगिक क्षेत्र का प्रवेश द्वार बदला जाएगा। साथ ही यहां बूम बैरियर लगाया जाएगा। पुलिस पोस्ट, सार्वजनिक शौचालय, ईवी चार्जिंग स्टेशन जैसे इंतजाम भी होंगे।
- **ड्रेनेज सिस्टम पर बुलाई आपात बैठक :** अमौसी में एनएचएआई के ड्रेनेज सिस्टम का काम शुरू न किए जाने को लेकर उद्यमियों ने नाराजगी जताई। इस पर मंडलायुक्त ने एनएचएआई के प्रोजेक्ट डायरेक्टर, एडीएम एलए, एसडीएम सरोजनीनगर को मौजूदा स्थिति की रिपोर्ट के साथ बैठक में तलब किया है।

### इधर, सरोजनीनगर की उपेक्षा से उद्यमी आहत

मंडल उद्योग बंधु बैठक में भी सरोजनीनगर औद्योगिक क्षेत्र की उपेक्षा हो रही है। इसे लेकर उद्यमियों में निराशा और नाराजगी है। बैठक में सरोजनीनगर औद्योगिक क्षेत्र निर्माता एसोसिएशन के महासचिव रितेश श्रीवास्तव, अशोक चावला व संस्कार वर्मा भी थे। रितेश श्रीवास्तव ने कहा, बार-बार अमौसी और सरोजनीनगर को अलग करने की बात की मांग हो रही है। हालांकि, न तो इस पर ध्यान दिया जा रहा है और न ही हमारे मुद्दे प्रमुखता से शामिल हो रहे हैं। तालकटोरा औद्योगिक क्षेत्र की एसोसिएशन के अध्यक्ष मो. युनुस सिद्दीकी ने कहा, हमारे यहां काम चल रहा है या नहीं, इसे देखने कोई अधिकारी नहीं आता। पंप हाउस पर अवैध कब्जा है, पर इसे एजेंडे में शामिल ही नहीं किया जा रहा।

### कानपुर-लखनऊ राजमार्ग पर बनेगा कट

उन्नाव के उद्यमियों ने कहा कि औद्योगिक क्षेत्र बंथर व शेखपुर नरी के निकट कानपुर-लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग पर लंबी दूरी का कोई कट नहीं है। ऐसा हो जाए तो उद्यमियों का आना-जाना आसान होगा। इस पर मंडलायुक्त ने एनएचएआई को स्थलीय परीक्षण कर आगे की कार्यवाही के निर्देश दिए हैं।

### ये निर्देश भी दिए

- कृष्णानगर, तालकटोरा से समदा खेड़ा संपर्क मार्ग के चौड़ीकरण का काम होगा।
- चिनहट और तालकटोरा से हटाया जाए अतिक्रमण।
- स्वरोजगार व रोजगार से संबंधित योजनाओं की समीक्षा के बाद बैंकों को सरलता से ऋण उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया।